सार-समाचार

गड़सीसर सरोवर पर श्रमदान किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए गंगा दशहरा एवं पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को जैसलमेर जिले के गड़सीसर सरोवर पर श्रमदान के साथ जिला स्तरीय वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज हुआ। जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव महेन्द्र सोनी, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रश्मि रानी, उपखंड अधिकारी सक्षम गोयल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी ने श्रमदान किया। इस दौरान गड़ीसर सरोवर पर प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर स्वयं ने श्रमदान कर सरोवर परिसर की साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। साथ ही स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान श्रमदान कार्यक्रम मे शामिल जनप्रतिनिधियों, एयरफोर्स, आर्मी, बीएसएफ एवं पुलिस के जवानों, वन्य प्रेमी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवाओं, बच्चों ने श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण व जल संचय का संदेश दिया।

फुटेज से पकड़ा बाइक चोरी का आरोपी

पाली, (नि.सं.)। पाली में बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की। आरोपी ने और कितनी वारदातें की है इसको लेकर रिमांड के दौरान पुलिस पूछताछ करेगी। सीओ सिटी उषा यादव ने बताया कि पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगीवाड़ा निवासी 21 साल के मोहम्मद रिजवान पुत्र सलीम खान ने 12 फरवरी 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया कि बांगड़ कॉलेज के सामने से उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगाले तो एक संदिग्ध नजर आया। जिसकी पहचान की गई। मामले में पाली जिले के नाना थाना क्षेत्र के निचली फली कोलवाड़ा निवासी 19 साल के विक्रम कुमार पुत्र हराराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एएसआई ओमप्रकाश चौधरी, कॉन्स्टेबल महेंद्र, दौलतराम, सोहनलाल शामिल रहे।

आदेश पर बीमा कंपनी ने भुगतान किया

रेवदर. (निसं)। रेवदर के निकट भटाना कस्बे के समीपवर्ती जामठ निवासी लीला कंवर की अकस्मात मृत्यु हो जाने पर बीमा कंपनी ने हाथ झाड दिए थे। लीला कंवर के नामिती समुन्द्र सिंह ने स्थायी लोक अदालत न्यायालय सिरोही बीमा कंपनी वालो पर रीट दायर की। बीमा कंपनी वालो ने सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट,में रीट पर दावा कर लीला कंवर की दो पॉलिसी के पैसे नहीं देने एवं अन्य आरोप लगाए। जो एक बीमा 3 लाख,10 लाख रूपये का बीमा करवाया हुआ था लीला कंवर की डिलेवरी के समय अकस्मात मृत्यु हो गई थी। बीमा कंपनी ने हाथ झाडते हुए डिलेवरी के समय मृत्यु हो जाने पर बीमा कंपनी भुगतान नहीं करेगी बीमा कंपनी द्वारा हाई कोर्ट, एवं सुप्रीम कोर्ट में रीट लगाई गई। पैरवी पीडति लेकिन वकालत अरविंद सिंह राव ने स्यायी कोर्ट सिरोही से लीला कंवर की बीमा कंपनी पर रीट लगाकर लीला कंवर के नामिती समुन्द्र सिंह को बीमा राशि का भुगतान करवाया गया।

पर्यावरण बचाने के लिए पौधारोपण

बालोतरा, (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिला परिवहन कार्यालय, बालोतरा में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरूआत की गई। जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान संकल्प अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण जन अभियान संकल्प की शपथ दिलाई गई। परिवहन निरीक्षक बगताराम, पुष्पेन्द्र शर्मा व कार्यालय स्टॉफ सहायक प्रशासनिक अधिकारी शंकरलाल, सहायक प्रोग्रामर चन्दनसिंह, प्रदीप चावला, सूचना सहायक पुनित गुप्ता सुरक्षा गार्ड कल्याणसिंह, ईश्वरसिंह, माणकचन्द, वाहन चालक गणेशीराम, भोमसिंह व मोटर ड्राइविंग स्कुल बालोतरा व बस यूनियन बालोतरा अध्यक्ष विजेश दायमा, फिटनेश सेंटर संचालक गणेश धतरवाल व यातायात सलाहकार वासुदेव, मुकेश पटेल, दिनेश प्रजापत, प्रदीप शर्मा, गणेश काकड, पन्नालाल, भारमल, असरफ, खेताराम उपस्थित रहे।

मृतक के आश्रित परिवार को चैक सौंपा

गुड़ामालानी, (कासं)। राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा गुडामालानी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता व संबल राशी के रूप में दो लाख का चेक सौंपा। नोखडा के खूबडी बेरी धोलानाडा के निवासी का निधन हो गया था। शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि मृतक विशनाराम का राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा गुडामालानी मे खाता था। जिसमे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की पालिसी करवा रखी थी। मृतक की पत्नी सोभी देवी को दो लाख का चेक दिया गया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक समय समय पर किसानो और ग्राहकों को हर सरकारी योजनाओ से लाभान्वित करती है। सरकार की योजनाए हर किसान गरीब परिवार तक पंहुचा रहे है। हरि सिंह ने बैंक प्रबंधक सहित उनकी टीम का आभार जताया। बैंक अधिकारी अरविन्द, केशियर चंद्रशेखर स्वामी, सहायक वजा राम आदि मौजूद थे।

गीता भवन में गंगाजल से जलाभिषेक

पाली, (नि.सं.)। गंगा दशमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान की प्रतिमा को जलाभिषेक कर नहला कर वापस विशेष श्रृंगार किया। इसी क्रम में शहर के गीता भवन में स्वामी प्रेमानंद ने यहां स्थित राधा कृष्णा, गणपति, हनुमान जी की प्रतिमा पर गंगाजल से जलाभिषेक किया। इसके बाद भगवान को नए वस्त्र पहनकर सिंगार किया।

विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा पर कई कार्यक्रम हुए

जोधपुर, (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जोधपुर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बनाड़ स्थित अमृत सरोवर पर ''वंदे गंगा - जल संरक्षण जन अभियान'' का जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा एवं सरोवर जल पूजन से हुई, जिसमें प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हुई, जहां विभिन्न अतिथियों ने जल, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

जोधपुर जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने अपने संबोधन में कहा कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का मूल है, और इसे पूजनीय मानकर संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने अपील की कि हम सब मिलकर जल स्त्रोतों की रक्षा करें, भूजल स्तर बबाएं और वृक्षारोपण को जन-आंदोलन बनाएं।

उन्होंने कहा कि आज का जीवन स्वार्थ तक सीमित रह गया है, इसी कारण जल स्त्रोतों के आसपास अतिक्रमण, जल अपव्यय और प्रदूषण बढ़ा है। उन्होंने उद्योगों को भी अपने अपशिष्ट का सही उपचार कर जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने की बात कही।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति सदैव जल संरक्षण की रही है। आज की पीढ़ी को पारंपरिक जल स्त्रोतों की रक्षा कर भविष्य के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना होगा।

पूर्व जेडीए अध्यक्ष प्रो. डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा यदि आज हम पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर तुलसी पौधे वितरित किए गए और जल संकल्प दिलवाया गया। नेचर वॉक कर अमृत सरोवर क्षेत्र में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर तथा समर्पण मारवाड़ सेवा संस्थान, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अजय शर्मा जिला एवं सेशन न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सान्निध्य में केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर में पौधारोपण कार्यक्रम तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राज्य सरकार के मिशन हरियालों राजस्थान - एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय आवासीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर में सघन वन अभियान का प्रथम चरण प्रारंभ हुआ। इस चरण के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में 100 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण पाल ने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय को पर्यावरण संरक्षण अभियान में विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिसके तहत आगामी शैक्षिणक सत्र में 1000 से अधिक पौधों का रोपण प्रस्तावित है।

पुलिस लाईन, जोधपुर ग्रामीण के परिसर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में पूरण कुमार शर्मा की अगुवाई में डॉ. मनीष हरजाई, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर जिला, रघुनाथ गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण तथा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, जोधपुर जिला के अधिवक्ताओं एवं लॉ इन्टर्न द्वारा पुलिस लाईन परिसर में चिन्हित स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया।

जिला प्रशासन, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (जोधपुर-शहर) एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को ''रन फॉर एनवायरनमेंट'' का आयोजन किया गया। यह दौड़ प्रातः संवित सर्कल (स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के पास) से प्रारंभ होकर एमबीएम विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर, जिला कलक्टर गौरव अठावाल तथा राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (जोधपुर-शहर) की क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती कामिनी सोनगरा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वागत किया।

प्रभारी मंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की गई।पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने ''पर्यावरण संरक्षण'' के नारों के साथ जनजागरण का संदेश दिया। एमबीएम विश्वविद्यालय में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

विकसित राजस्थान में स्वच्छ पर्यावरण की अहम भूमिका : के.के. विश्नोई

जालोर, (कासं)। जिले में विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर गुरूवार को जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान का शुभारंभ हुआ। अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भीनमाल रोड स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर उनका स्वागत किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के. के. विश्नोई ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के फलस्वरूप गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान शुरू किया गया हैं। यह अभियान केवल एक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गत वर्ष शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान व हरियालो राजस्थान के तहत राज्यभर में 7 करोड़ पौधे लगाए गए। प्रभारी मंत्री ने कहा की वर्ष 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं तथा इस दिशा में स्वच्छ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नागरिकों से वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और जल संरक्षण के संदेश को ग्राम स्तर तक पहुँचाने का आव्हान किया।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को सकारात्मक प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाएं तथा सघन वृक्षारोपण के माध्यम से अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाएं। कार्यक्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रीको औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण में वृक्षारोपण किए जाने तथा उसकी सार संभाल हेतु विधायक मद से ट्यूबवैल खुदवाने व पौधों में पानी देने के लिए ड्रिपिंग सिस्टम की घोषणा की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने उपस्थित जन समूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि ''जल है तो कल है, यही मेरा संकल्प है।'' इस मूल मंत्र को संकल्प रूप में अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने पानी बचाने का संकल्प दिलाते हुए सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा ईको फ्रेण्डली बैग्स का विमोचन किया गया।

प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग व प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रीको औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण में रीको भूखण्ड परिसर में बरगद, नीम व पीपल पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग राजीविका द्वारा लगाई गई स्टॉल के अवलोकन के दौरान राजीविका के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा श्री अन्न निर्मित बिस्किट चखे तथा श्री अन्न से बने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिस्किट की खरीददारी कर उनका वितरण करवाया।

इस अवसर पर प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, उप वन संरक्षक जयदेवसिंह चारण, रवि सोलंकी, ग्रेनाईट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू चौधरी, दिनेश विश्नोई, सुरेश सुन्देशा, प्रेमाराम देवासी, दिनेश महावर, महेश भट्ट, रमेश कुमार, अशोक गुर्जर, दिलीप सोलंकी, महेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कार्मिक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

6 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से सफाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भामाशाह व स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा, स्टेशन, बस स्टेण्ड, कृषि उपज मण्डी समिति आदि सार्वजनिक स्थानों पर एनएसएस, एनसीसी व एनवाईके के स्वयंसेवकों के सहयोग से वंदे गंगा जल सेवा गतिविधि व जल परीक्षण अभियान का आयोजन किया जायेगा।

ऊर्जा विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर्स के आस-पास साफ-सफाई तथा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना एवं साफ-सफाई के लिए श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, पशु खेलियों की साफ-सफाई आदि कार्य होंगे।

जसोल स्थित भुरकी नाडी पर जल पूजन किया

बालोतरा, (निसं)। गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जिला स्तर पर गुरूवार को वंदे गंगा अभियान जल संग्रहण एवं जल संरक्षण पखवाड़े के तहत जसोल स्थित भुरकी नाडी पर जिला प्रभारी सचिव ओपी बुनकर, पचपदरा विधायक डॉ. अरूण चौधरी एवं जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन किया। इस दौरान राजीविका की महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाये गये। साथ ही ढोल वादन के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा भुरकी नाडी से प्रारंभ होकर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल को पहुंची। इस दौरान पदयात्रा कर जल संग्रहण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया।

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ०5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा अभियान जल संग्रहण एवं जल संरक्षण पखवाड़े का मुख्य उदेश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ पारंपरिक जल स्त्रोतों का संवर्द्धन करना है।

इस पखवाड़े के दौरान पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार किया जायेगा। साथ विभिन्न विभागों द्वारा जल संग्रहण एवं जल संरक्षण के संदेश को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायगा।

विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने जल संरक्षण की शपथ दिला मनाया पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान केक काटा गया और मुंह मीठा कर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. अरूण चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के चलाई जा रही इस मुहिम में आमजन बढ चढकर भाग ले। उन्होने बालोतरा जिले को हरा भरा बनाने के लिए जिले के उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बढते ओद्योगिक विकास के मध्यनजर यह महत्ती आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। हमारा यह प्रयास आने वाली पीढी को बेहतर पर्यावरण देगा। इस दौरान उन्होंने जल संग्रहण एवं उसके संरक्षण एवं प्लास्टिक का उपयोग ना करने की शपथ दिलाई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षैत्रीय प्रबंधक दीपक तंवर समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधी, उद्योंगपति एवं राजीविका से मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

पाली, (नि.सं.)। पाली में गुरुवार अलसुबह पिकअप की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की बॉडी पाली शहर के बांगड़ हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाई गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मामा-भांजा मवेशियों के लिए चारा लेकर आ रहे थे। बीच रास्ते लाइट का तार ऊपर करने के लिए युवक नीचे उतरा था। इस दौरान तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन के ड्राइवर ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सदर थाना पुलिस के अनुसार हादसा गुरुवार सुबह करीब चार बजे रूपावास के निकट हुआ। बाड़मेर जिले के रामसर निवासी जलाल खान पुत्र होपी खान अपने 30 साल के भांजे निजाम पुत्र दूरा खान निवासी मालपुरा (गुड़ा मालानी) जिला बाड़मेर के साथ हनुमानगढ़ से चारा लेकर गेलावास गोशाला आ रहे थे। गुरुवार सुबह करीब चार बजे रूपावास के निकट सड़क पर लाइट के तार लटके हुए देख 30 साल का निजाम नीचे उतरा और सड़क किनारे खड़े होकर डंडे से लाइट के तार को ऊपर कर रहा था। इस दौरान मूलियावास गांव की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि निमाज के एक लड़की और 2 लड़के हैं। वह खलासी का काम अपने मामा के साथ करता था। हादसे में उसकी मौत से परिजनों पर दुखों का मानो पहाड़ टूट गया। तीन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

पर्यावरण व जल का संरक्षण करें : खर्रा

पाली,(नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान 5 से 20 जून तक आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिये विभिन्न विभागों की सहभागिता से आज विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशमी के अवसर गुरूवार को पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जिला प्रभारी सचिव अश्विनी भगत के निर्देशन में जिला प्रशासन, नगर निगम, वन विभाग, प्रदूषण मंडल, शिक्षा, स्काउट, खेल विभाग व अन्य सभी विभागो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने उपस्थित समूह को वन संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई साथ ही इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने बच्चों की रन फॉर एनवायरमेंट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने आयोजित समारोह में आमजन को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशमी के इस पावन पर्व पर हमें पर्यावरण सरंक्षण करने व जल सरंक्षण का संकल्प लेना चाहिये और इसका विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्न किया। उन्होंने कहा कि जल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिये और इसको बचाना चाहिये और इसको अनावश्यक व्यर्थ नहीं करना चाहिये इसे हमे अपनी दैनिक जीवनचर्या मे इसे ढ़ाल लेना चाहिये।

उन्होंने अभियान में जनभागीदारी जनभागीदारी पर बल दिया जिससे कि ये अभियान सफल हो सके। कार्यक्रम को पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, सुनील भंडारी व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में कलक्टर एलएन मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, प्रशिक्षु आईएएस बिरजू लाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी के पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, पाली पंचायत समिति प्रधान मोहिनी देवी, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, प्रदूषण मंडल के आरओ अमित सोनी व सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्मिक, तिलोक चौधरी सहित कई जने मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने व अन्य अतिथियों ने कलश यात्रा, वृक्षारोपण, तालाब में नाव से सफाई, जल पूजन, पीपल पूजन, प्रदर्शनी का अवलोकन, श्रमदान व सफाई, नगर निगम, राजीविका, शिक्षा के कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। वन विभाग ने पौधों का वितरण किया। जिला परिषद सभागार में जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पर कार्यशाला में जिला प्रभारी मंत्री खर्रा ने 5 जून से 20 जून तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा, लक्ष्यों व लोकार्पण व शिलान्यास के कामों व महव्वपूर्ण विभागों जिनमे प्रमुख रूप से वाटरशेड, पीएचईडी, जल संसाधन, भू-जल विभाग आदि के दायित्वों और भूमिका की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।

कार्यालय संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जालोर

क्रमांक : लेखा/2025-26/115 **नीलामी सूचना** दिनांक : 21.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में ई-वेस्ट (नकारा/अप्रचलित कम्प्यूटर, स्कैनर, यूपीएस/इन्वर्टर आदि) के निस्तारण जिसका पुस्तक मूल्य 279563/- रुपये एवं नीलामी अमानत राशि 5600/- रुपये है, की नीलामी कार्यालय हाजा में दिनांक 06.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे की जायेगी। Rajasthan Pollution Control Board से E-Waste Recycling हेतु पंजीकृत इच्छुक फर्में/व्यक्ति निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित विस्तृत शर्तें SPPP.RAJASTHN.GOV.IN पोर्टल पर उपलब्ध है।

(सुनिता यादव)
संयुक्त निदेशक
राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग जालोर

DIPR/C/6967/2025

राजस्थान सरकार

कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा, जालोर

पिनकोड - 343001

E-Mail:- atma jalore@rediffmail.com

क्रमांक:-/2025-26/निविदा/97-102/118 दिनांक 05/06/2025

खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2025-26 में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों यथा कृषक प्रशिक्षण कृषक भ्रमण, कृषक गोष्ठी, किसान मेला आदि कृषक आधारित गतिविधियों के सुगम संचालन के लिये निम्नांकित सामग्री / सेवा हेतु अनुभवी फर्मो, अधिकृत सप्लायरों, पंजीकृत फर्मो से दर संविदा हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है। निविदायें दिनांक 13.06.2025 सांय 6.00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त कर मध्यान्ह पंश्चात् 4.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जावेगी। बिना अमानत राशि या सशत्र निविदा स्वीकार नही होगी।

क्र. सं.	आवश्यक सामग्री / सेवा का नाम	अनुमानित व्यय राषि रु.	निविदा शुल्क	अमानत राषि रु. में (केवल डी.डी. स्वीकार्य)
1	चाय, नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था कार्य	850000	200	17000
2	पिंन्टिग कार्य	150000	200	3000
3	स्टेशनरी कार्य	250000	200	5000
4	बस व्यवस्था कार्य	250000	200	5000

1. चाय - नाश्ता व भोजन व्यवस्था कार्य -
NIB CODE -AGR2526A0084
BID CODE - AGR2526SSOB0097

1. स्टेशनरी / प्रिन्टिंग / बस परिवहन व्यवस्था कार्य -
NIB CODE -AGR2526A0087 (प्रिन्टिंग / स्टेशनरी / बस परिवहन)
BID CODE - AGR2526GSOB0099 (प्रिन्टिंग)
BID CODE - AGR2526GSOB00100 (स्टेशनरी)
BID CODE - AGR2526GSOB00101 (बस परिवहन)

उप निदेशक कृषि एवं पदेन
परियोजना निदेशक आत्मा, जालोर